कुमाऊं जनसन्देश

Hindi Samachar Portal www.kumaonjansandesh.com Tuesday, 10 Aug 2021

अच्छी पहल : उद्यमियों को एक पोर्टल पर उपलब्ध हो सकेंगी सभी विभागों की सुविधाएं

ईज आफ डूइंग बिजनेस के तहत कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला आयोजित

कुमाऊं जनसन्देश डेस्क

हल्द्वानी। उद्यमियों के हित के लिए सभी विभागों की ओर से संचालित सुविधाओं का लाभ जनपद के उद्यमियों को जल्द ही एक क्लिक पर मिल सकेगा। इससे उद्यमियों को सहुलियत होने के साथ ही घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। पोर्टल का संचालन शुरू हो जाने से उद्यमियों को विभागों के बार–बार चक्कर लगाने के झंझट से छुटकारा भी मिल जाएगा।

जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक विपिन कुमार ने बताया कि स्थित एमएसएसई सभागार में ईज मंगलवार को उद्योग केन्द्र परिसर आफ डूइंग बिजनेस के तहत कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। बताया कि ईज आफ डूइंग बिजनेस के तहत फीडबैक डाटा सुधार, एकल खिड़की व्यवस्था के अन्तर्गत लम्बित प्रकरणों के निस्तारण तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों तथा उपभोक्ताओं के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाप्रबन्धक विपिन कुमार ने बताया कि जनपद स्तर पर समस्त उद्यमियों को एक पोर्टल के माध्यम से सभी संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं मुहैया कराई जानी हैं। ताकि उद्यमियों को अपने उद्योग से संबंधित सुविधाओं का लाभ लेने के लिए बार–बार विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस दौरान पोर्टल के प्रारूप और एकल खिड़की व्यवस्था पर समस्त विभागों व उद्योग प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई।

कार्यशाला का संचालन रजनीश पांडे और प्रीतम तिवारी ने किया। इस दौरान हिमालय चैंबर्स आफ कामर्स के सचिव मनोज डांगा, सिडकुल काशीपुर के आरएम कमल किशोर कफल्टिया, जिला विकास प्राधिकरण से रमेश चन्द्र जोशी, सहायक श्रम आयुक्त कमल जोशी, यूपीसीएल के उपखंड अधिकारी बीबी जोशी, सहायक आयुक्त राज्यकर उर्मिला सिंह पिंचा, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी डा. आरके चतुर्वेदी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार समेत तमाम विभाग अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।